Phone number- 05964242330 Email ID- govtdegreecollegegangolihat@gmail.com

# शहीद पवन सिंह सुगड़ा रा0 महा0 गंगोलीहाट, (पिथौरागढ़)।

# S.P.S.S. Govt. Degree College, Gangolihat.

## आवश्यक सूचना

संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा (उत्तराखण्ड) के पत्रांक– क्षे0का0 / 4380 / अ0प्रे0फा0स्कॉ0 / 2025–26 दिनांक– 16 जनवरी, 2026 के द्वारा प्राप्त आदेश (संलग्न) के अनुक्रम में महाविद्यालय में अध्ययनरत उत्तराखण्ड राज्य की बालिकाओं को सूचित किया जाता है कि अजीम प्रेमजी स्कॉलशिप आवेदन हेतु द्वितीय चरण मे 10 जनवरी, 2026 से 30 जनवरी, 2026 तक अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन पोर्टल की वैबसाइट https://azimpremjischolarship.org पर 30 जनवरी, 2026 तक आवेदन किये जा रहे है। अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप के अन्तर्गत 10 वीं और 12 वीं कक्षा नियमित विद्यार्थी के रूप में उत्तीर्ण व स्नातक उपाधि या डिप्लोमा (2–5 वर्ष की समयावधि वाले) के प्रथम वर्ष में (वर्ष 2025–26) में नियमित छात्रा के रूप में प्रवेश प्राप्त किया हो, को रू0 30000 / – (15000x2 किस्तों में) की वार्षिक सहायता प्रदान की जायेगी।

अतः महाविद्यालय में अध्ययनरत ऐसी छात्राओं को जो उक्त स्कॉलरशिप हेतु आवेदन के इच्छुक हो को सूचित किया जाता है कि आप निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत उपर्युक्त वैबसाइट में उपलब्ध लिंक के माध्यम से छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करना सुनिश्चित करें।

दिनांक– 17 जनवरी, 2026.

प्राचार्य
श0प0सि0सु0रा0महा0
गंगोलीहाट (पिथौरागढ़)

प्राचार्य
शहीद पवन सिंह सुगड़ा
राजकीय महाविद्यालय
गंगोलीहाट (पिथौरागढ़)

# उच्च शिक्षा निदेशालय,उत्तराखण्ड

क्षेत्रीय कार्यालय, दून विश्वविद्यालय परिसर, फैकल्टी लॉज, देहरादून– 248001

संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा

E-mail: jdhedehradun@gmail.com

पत्रांकः क्षे0का0/ 4380 /अ0प्रे0फा0स्कॉ0/2025–26 दिनांक : 16 जनवरी, 2026

सेवा में,

समस्त कुलपति/कुलसचिव/प्राचार्य
समस्त उच्च शिक्षण संस्थान
उत्तराखण्ड।

**विषयः** उत्तराखण्ड राज्य की बालिकाओं हेतु स्नातक/समकक्ष प्रथम वर्ष संस्थागत छात्रा के रूप में अध्ययनरत छात्राओं के लिए "अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप" आवेदन हेतु द्वितीय चरण के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उत्तराखण्ड शासन के पत्रांकः 526/व0नि0स0–स0उ0शि0–त0शि0/2025 दिनांक 11 सितम्बर, 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन, उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025–26 से उत्तराखण्ड राज्य की बालिकाओं हेतु स्नातक/समकक्ष कक्षाओं में अध्ययन हेतु अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप प्रदान करने की शुरूआत की गयी है, जिसके अन्तर्गत 10वीं और 12वीं कक्षा नियमित विद्यार्थी के रूप में उत्तीर्ण व स्नातक उपाधि या डिप्लोमा (2–5 वर्ष की समयावधि वाले) के प्रथम वर्ष में (वर्ष 2025–26) में नियमित छात्रा के रूप में प्रवेश प्राप्त किया हो, को ₹30,000/– (15000.00 x 2 किस्तों में) की वार्षिक सहायता प्रदान की जायेगी।

योजना के प्रथम चरण (10 सितंबर 2025 से 30 सितंबर 2025) में कुछ आवेदकों द्वारा आवेदन अपूर्ण/त्रुटिपूर्ण पाए गए, जिनके कारण उनके आवेदन स्वीकार नहीं हो सके। ऐसे सभी आवेदकों को एसएमएस (मैसेज) के माध्यम से दस्तावेज़ को पुनः चेक करने एवं ठीक तरह से अपलोड करने की सूचना दी जा रही है ताकि ऐसे आवेदक द्वितीय चरण (10 जनवरी 2026 से 30 जनवरी 2026) में आवेदन कर सकें।

अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप आवेदन हेतु द्वितीय चरण का (10 जनवरी 2026 से 30 जनवरी 2026) प्रारंभ किया गया है, इस हेतु अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन पोर्टल की वैबसाइट https://azimpremjischolarship.org पर 30 जनवरी, 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। अतः आपसे अनुरोध हैं कि उक्त योजना से संबंधित सूचना को अपने संस्थान में अध्ययनरत समस्त पात्र छात्राओं तक अनिवार्य रूप से पहुँचाया जाए तथा इसे नोटिस बोर्ड, वेबसाइट एवं अन्य उपलब्ध माध्यमों से व्यापक रूप से प्रसारित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक पात्र छात्राएं इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

उक्त के क्रम में अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप के सम्बन्ध में दिनांक 19.01.2026 को अपराहन् 03.00 बजे वर्चुअल बैठक निर्धारित की गयी है। वर्चुअल बैठक हेतु लिंक निम्नवत् प्रेषित किया जा रहा है।
वर्चुअल बैठक हेतु लिंकः
https://ukedusat.webex.com/ukedusat/j.php?MTID=me2882b75d9ba5023f4a566010830de23

अतः निवेदन है कि उक्त वर्चुअल बैठक में निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

संलग्नकः उक्तवत्।

भवदीय

16.01.2026

(प्रो0 ए0एस0 उनियाल)
संयुक्त निदेशक

पृ0सं0: क्षे0का0/4380 (i-ii)/अ0प्रे0फा0स्कॉ0/2025–26 तद्दिनांकित


प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. निदेशक (उच्च शिक्षा) उत्तराखण्ड हल्द्वानी (नैनीताल) ।
2. कार्यक्रम समन्वयक, अंबरीष सिंह बिष्ट।

16.01.2026

(प्रो0 ए0एस0 उनियाल)
संयुक्त निदेशक

Scanned with CamScanner




# अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप

छात्राओं के लिए ₹30,000 की सालाना स्कॉलरशिप

---

Azim Premji Foundation

अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप एक पहल है जिसका उद्देश्य ज़रूरतमंद छात्राओं को कॉलेज की शिक्षा प्राप्त करने में मदद करना है।

| | |
|---|---|
| स्कॉलरशिप | • सालाना ₹30,000 जिसका उपयोग ट्यूशन फीस या शिक्षा-संबंधी किसी अन्य खर्च के लिए किया जा सकता है<br>• यह स्कॉलरशिप पहले स्नातक पाठ्यक्रम (डिग्री या डिप्लोमा) की संपूर्ण अवधि के लिए दी जाए |
| पात्रता | • **कक्षा 10वी और कक्षा 12वी** दोनों की पढ़ाई किसी सरकारी स्कूल से नियमित छात्रा के रूप में पूरी की हो। यह स्कूल नीचे बताए गए राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में होना चाहिए।<br>• शैक्षणिक सत्र 2025-26 में किसी मान्यता प्राप्त स्नातक डिग्री या डिप्लोमा पाठ्यक्रम (अवधि: 2 से 5 वर्ष) के प्रथम वर्ष में नियमित छात्रा के रूप में प्रवेश लिया हो। यह प्रवेश भारत में किसी भी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के सरकारी या विश्वसनीय एवं प्रामाणिक निजी कॉलेज या विश्वविद्यालय में हो सकता है। |
| राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश | अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नागालैंड, ओडिशा, पुदुचेरी, राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड |
| आवेदन अवधि | • **पहला चरण:** 10 सितंबर 2025 से 30 सितंबर 2025<br>• **दूसरा चरण:** 10 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026<br>आवेदन की प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है। सभी आवेदन केवल हमारी वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकार किये जाएंगे। |
| आवश्यक दस्तावेज | सभी आवेदिकाओं को नीचे दिए गए दस्तावेजों की साफ तौर पर पढ़ने योग्य, स्पष्ट और रंगीन स्कैन कॉपी अपलोड करनी होगी:<br>1) पासपोर्ट साइज फोटो (साधारण पृष्ठभूमि, पिछले 6 महीने में खींची गई)<br>2) हस्ताक्षर<br>3) आधार कार्ड<br>4) बैंक खाता विवरण (निम्न में से कोई एक)<br>– पासबुक, या<br>– पिछले एक महीने का बैंक स्टेटमेंट<br>5) कक्षा 10 की मूल मार्कशीट<br>6) कक्षा 12 की मूल मार्कशीट<br>7) प्रवेश का प्रमाण (निम्न में से कोई एक)<br>– बोनाफाइड प्रमाणपत्र, या<br>– ट्यूशन फीस रसीद<br>नोट: सभी स्कैन कॉपी PDF/JPG/PNG फॉर्मेट में होनी चाहिए। इन फाइलों का साइज 30KB से 500KB के बीच में होना चाहिए। |

Scanned with CamScanner